(3) किसी पद का मान शून्य होने, ऋणात्मक होने अथवा अज्ञात होने की दशा में गुणोत्तर माध्य की गणना असम्भव हो जाती है।

गुणोत्तर माध्य के उपयोग
(Use of Geometric Mean)

(1) अनुपातों व प्रतिशत वृद्धि दरों का औसत निकालने के लिए गुणोत्तर माध्य सबसे उपयुक्त होता है ।

(2) जब पदमाला के छोटे मूल्यों को अधिक तथा बड़े मूल्यों को कम महत्व देना हो तब यह माध्य उपयुक्त होता है ।

(3) संचयी प्रभाव अथवा चक्रवृद्धि दर से बढ़ने या घटने वाली सूचनाओं का औसत निकालने के लिए यह माध्य सबसे उत्तम होता है ।

(4) अधिक भिन्नता वाले मदों अथवा अत्यधिक विषमता वाले आवृत्ति वितरणों के औसत के रूप में गुणोत्तर माध्य का उपयोग सबसे अच्छा होता है ।

●

आदर्श
Model Questions

(1) निम्न समंकों से गुणोत्तर माध्य ज्ञात करें :

4328, 592.35, 83.65, 5.832, 0.7698, 0.05263, 0.00506, 50.062.

(2) Find the geometric mean of the following :

Size :	4	8	12	16	20	24
Frequency :	15	10	3	20	2	18

(3) Compute geometric mean of the following :

Class :	0 – 10	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50
f :	5	40	10	50	5

(4) यदि किसी वस्तु की कीमत 4 वर्ष की अवधि में दुगुनी हो जाती है, तो प्रति वर्ष औसत वार्षिक वृद्धि दर क्या है ?

(5) एक मशीन पर प्रथम वर्ष में 40% की दर से, द्वितीय वर्ष्ज्ञ में 25% की दर से, तृतीय वर्ष में 15% की दर से तथा अगले दो वर्षों में 8% की दर से वार्षिक ह्रास लगाया जाता है, प्रत्येक प्रतिशत घटते हुए पर निकाली जाती है । पूरी अवधि के लिए ह्रास औसत प्रतिशत दर बतावें ।

●

हरात्मक माध्य
(Harmonic Mean)

प्रिय छात्रो,

किसी श्रेणी का हरात्मक माध्य उसके सभी पदों के व्युत्क्रमों (Reciprocals) के समान्तर माध्य (Simple mean) का व्युत्क्रम होता है । यह एक विशेष प्रकार का माध्य होता है । इसका उपयोग चाल अथवा गति की औसत दर आदि ज्ञात करने के लिए किया जाता है । इसे Hm. द्वारा व्यक्त किया जता है । हरात्मक माध्य को ज्ञात करने के लिए श्रेणी के सभी पदों का व्युत्क्रम निकाला जाता है । किसी भी संख्या या पदमान का व्युत्क्रम 1 में उस संख्या अथवा पदमान से भाग देने से प्राप्त होता है । इस प्रकार प्राप्त व्युत्क्रमों का योग किया जाता है और व्युत्क्रमों के योग में पदों की संख्या से भाग देकर उनका औसत ज्ञात कर लिया जाता है । अंत में इस औसत का व्युत्क्रम निकाल लिया जाता है । इसके लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाता है ।

$$Hm = \text{Reciprocal of } \frac{\Sigma \text{Reciprocals}}{N}$$

अथवा

$$Hm = \frac{N}{\Sigma \text{Reciprocals}}$$

ऊपर के दोनां सूत्र एक ही हैं । दूसरा सूत्र तो प्रथम सूत्र का ही सरल रूप है ।

हरात्मक माध्य की गणना
(Calculation of Harmonic Mean)

(1) व्यक्तिगत श्रेणी (Individual Series)–व्यक्तिगत श्रेणी में हरात्मक माध्य ज्ञात करना काफी सरल है । सर्वप्रथम तो सभी पदों का व्यूत्क्रम ज्ञात कर लिया जाता है तत्पश्चात् उपर्युक्त सेत्रों में से किसी का भी उपयोग करके हरात्मक माध्य ज्ञात कर लिया जाता है। निम्न उदाहरण से इसे स्पष्ट किया जा सकता है :

उदाहरण - 1

निम्नलिखित का हरात्मक माध्य ज्ञात करें :

10 8 5 2 3

हल :

$$Hm = \text{Reciprocal of } \frac{\Sigma \text{Reciprocals}}{N}$$

$$\Sigma \text{ Reciprocals} = \frac{1}{10}+\frac{1}{8}+\frac{1}{5}+\frac{1}{2}+\frac{1}{3}=\frac{151}{120}$$

N=5

सूत्र में मान रखने पर :

$$Hm = \text{Reciprocal of } \frac{\frac{151}{120}}{5} = \text{Reciprocal or } \frac{151}{600}$$

$$= \frac{1}{\frac{151}{600}} = \frac{600}{151} = 3.97$$

$\therefore$ Hm = 3.97 Ans.

उदाहरण - 2

एक व्यक्ति दानापुर से पटना सिटी की दूरी 30 कि० मी० प्रति घंटा की गति से तय करता है और वापसी यात्रा 60 कि० मी० प्रति घंटा की गति से तय करता है तो पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत गति क्या है ?

हल :

$$\text{Hm} = \text{Reciprocal of } \frac{\Sigma \text{ Reciprocals}}{\text{N}}$$

$$\Sigma \text{ Reciprocals} = \frac{1}{30} + \frac{1}{60}$$

N = 2

$$\text{Hm} = \frac{\text{N}}{\Sigma \text{ Reciprocals}} = \frac{2}{\frac{1}{30} + \frac{1}{60}} = \frac{2}{\frac{2+1}{60}} = \frac{2}{\frac{3}{60}}$$

$$= \frac{2}{1} \times \frac{60}{3} = \frac{120}{3} = 40$$ 40 कि० मी० प्रति घंटा

$\therefore$ औसत गति = 40 कि० मी० प्रति घंटा

उदाहरण - 3

In a certain factory a unit of work is completed by A in 4 minutes, by B in 5 minutes, by C in 6 minutes, by D in minutes and by E in 12 minutes. What is their average rate of working.

हल :

चूँकि समान कार्य की मात्रा को भिन्न श्रमिकों द्वारा भिन्न-भिन्न गति से सम्पन्न किया गया है अतः कार्य की औसत गति निकालने के लिए हरात्मक माध्य का उपयोग वांछित है ।

$$\text{Hm} = \frac{\text{N}}{\Sigma \text{ Reciprocals}}$$

यहाँ : N = 5

$$\Sigma \text{ Reciprocals} = \frac{1}{4} + \frac{1}{5} + \frac{1}{6} + + \frac{1}{10} + \frac{1}{12} = \frac{48}{60}$$

सूत्र में मान रखने पर

$$\text{Hm} = \frac{5}{\frac{48}{60}} = \frac{5}{1} \times \frac{60}{48} = \frac{5}{1} \times \frac{5}{4} = \frac{25}{4} = 6.25$$

$\therefore$ कार्य की औसत गति = 6.25 मिनट प्रति इकाई ।

उदाहरण - 4

एक हवाई जहाज 1000 कि० मी० भुजा वाले एक वर्गाकार क्षेत्र का एक चक्कर लगाता है । वर्गाकार क्षेत्र की चारों भुजाओं को वह जहाज क्रमशः 1000, 2000, 3000 एवं 4000 कि० मी० प्रति घंटा की गति से तय करता है । हवाई जहाज की औसत गति ज्ञात करें ।

हल :

यहाँ N=4

$$\Sigma \text{ Raciprocals } = \frac{1}{1000}+\frac{1}{2000}+\frac{1}{3000}+\frac{1}{4000}=\frac{25}{12000}$$

$$Hm = \frac{N}{\Sigma \text{ Reciprocals}}$$

$$= \frac{4}{\frac{25}{12000}} = \frac{4}{1} \times \frac{12000}{25} = 1920$$

$\therefore$ औसत गति = 1920 कि० मी० प्रति घण्टा ।

व्युत्क्रम ज्ञात करने की जिस रीति का अब तक हमलोग उपयोग करते आ रहे हैं वह सरल तो है किन्तु जैसे-जैसे श्रेणी के पदमानों का आकार बढ़ता जाता है अथवा उनका मान दशमलव में दिया हुआ हो तो इस रीति से व्युत्क्रम ज्ञात करना कठिन हो जाता है । यदि निकाला भी जाय तो समय अधिक लगेगा तथा गलती की सम्भावना भी अधिक होगी । अतः ऐसी परिस्थिति में व्युत्क्रम जानने के लिए व्युत्क्रम तालिका (Reciprocal Table) की सहायता ली जाती है । अब हमलोग सर्वप्रथम व्युत्क्रम तालिका देखने की विधि की चर्चा करेंगे तत्पश्चात् उदाहरणों के माध्यम से उसे उपयोग में लायेंगे ।

व्युत्क्रम सारणी भी लघुगुणक सारणी के समान तीन खण्डों में बंटी हुई होती है । प्रथम खण्ड में एक ही स्तम्भ होता है । द्वितीय या मध्य खण्ड में 0 से 9 तक के नौ स्तम्भ होते हैं । जिस संख्या का व्युत्क्रम देखना होता है उसे सर्वप्रथम उपसादित करके चार अंकों का बना दिया जाता है । फिर पहले दो अंक Vertical side पर अर्थात प्रथम स्तम्भ में खोजे जाते हैं । इस स्तम्भ में 1.0 से 9.9 तक की संख्याएँ बढ़ते क्रम में दी होती हैं । दी गयी संख्या में दशमलव को इस प्रकार खिसकाते हैं कि वह व्युत्क्रम सारणी के प्रथम कॉलम में मिल जाय । दी गयी संख्या के तीसरे अंक व्युत्क्रम सारणी के Horizontal side अर्थात मध्य खण्ड पर तथा चौथा अंक Mean difference में देखकर मध्य खण्ड से प्राप्त संख्या से प्राप्त संख्या में से घटा लेते हैं । इस प्रकार प्राप्त संख्या में दशमलव को उसी दिशा में तथा उतने ही अंक खिसका देते हैं जिस दिशा में तथा जितने अंक उसे प्रारम्भ में खिसकाया गया था । उदाहरण के लिए यदि 5 का व्युत्क्रम देखना है तो व्युत्क्रम तालिका के प्रथम स्तम्भ में 5 खोजकर उसके सामने मध्य खण्ड के शून्य वाले स्तम्भ का मान पढ़ लेते हैं जो .2000 है । यहाँ दशमलव अपने स्थान पर बना रहेगा क्योंकि मूल संख्या में दशमलव को खिसकाये बिना ही वह व्युत्क्रम सारणी के प्रथम स्तम्भ में मिल गयी थी । मान लें हमें 55 का व्युत्क्रम देखना है । यह संख्या तो अपने मूल रूप में सारणी के प्रथम स्तम्भ में नहीं मिल सकती अतः दशमलव को एक अंग बायें खिसकाते हुए इसे 5.5 बना लिया गया और 5.5 को प्रथम स्तम्भ में खोज कर उसके सामने मध्य खण्ड के शून्य स्तम्भ का मान पढ़ लिया जो .1818 है । याद रहे कि हम प्रारम्भ में ही मूल संख्या में दशमलव का एक अंक बायें खिसका दिये थे अतः यहाँ भी दशमलव को एक अंक बायें खिसका दिया जायेगा । अतः 55 का व्युत्क्रम .01818 हुआ । उसी प्रकार यदि 5648 का व्युत्क्रम ज्ञात करना हो तो दशमलव को एक अंक बायें खिसकाकर इसे 5.648 बना लिया जायेगा और तब 5.6 के सामने मध्य खण्ड के 4 वाले स्तम्भ का मूल्य पढ़ा जायेगा जो .1773 है । 8 का मूल्य Mean difference स्तम्भ में आठवें स्तम्भ में देखा जायेगा जो 3 है । इसे मध्य खण्ड के मान .1773 में से घटा देने पर .1770 प्राप्त होगा । अब दशमलव को तीन अंक बायें खिसका दिया जायेगा क्योंकि मूल संख्या में प्रारम्भ में ही हम ऐसा परिवर्तन कर चुके हैं । अतः 5648 का व्युत्क्रम .0001770 हुआ । आवश्यकतानुसार इसे उपसादित भी किया जा सकता है ।

इस प्रकार स्पष्ट है कि किसी दी गयी संख्या का व्युत्क्रम देखने के लिए सर्वप्रथम यह देखते हैं कि उस संख्या के प्रथम दो अंक व्युत्क्रम सारणी के प्रथम स्तम्भ में मिल रहे हैं कि नहीं अन्यथा उनमें परिवर्तन करके प्रथम स्तम्भ में मिलने लायक बना लेना पड़ता है। उसी के अनुरूप अन्तिम परिणाम में भी परिवर्तन कर लिया जाता है । निम्न उदाहरण से यह और भी स्पष्ट हो जायेगा ।

उदाहरण - 5

85 70 10 75 500 8 42 250 40 और 36

हल :

x	Reciprocal
85	.01176
70	.01429
10	10000
75	.01333
500	.00200
8	.12500
42	.02381
250	.00400
40	.02500
36	.02778
	0.34697

$$Hm = \frac{N}{\Sigma \text{ Reciprocal}}$$

$$= \frac{10}{0.34697}$$

$$= 28.82 \text{ Ans.}$$

उदाहरण - **6**

Compute harmonic **mean from the following data**

800, 78.3, 9.45, **676, .07834, .004656, 0003425, .0002853**

हल :

x	Reciprocal
800	.001250
78.5	.012770
9.45	.105800
676	1.479000
.07834	12.76000
0044656	214.800000
.0003425	2920.000000
.00002835	3505.000000
n = 8	38199.158820 = Σ Recip

$$Hm = \text{Reciprocal of } \frac{\Sigma \text{ Reciprocals}}{N}$$

$$= \text{Recp. of } \frac{38199.158820}{8}$$

=Recp. of 4774.8948525
= .0002094
$\therefore$ Hm = 0.0002094 Ans.

(2) खण्डित श्रेणी (Discrete Series)–खण्डित श्रेणी में हरात्मक माध्य ज्ञात करने के लिए निम्न प्रक्रियाएँ सम्पन्न की जाती हैं :

1. सर्वप्रथम, प्रत्येक पदमान (X) का व्युत्क्रम निकाला जाता है ।
2. व्युत्क्रमों को तत्संबंधित आवृत्ति से गुणा करके गुणनफलों का योग (Σ(Reciprocal X)f) ज्ञात कर लिया जाता है ।
3. अंत में निम्न सूत्र का उपयोग करके हरात्मक माध्य ज्ञात कर लिया जाता है ।

$$Hm = \text{Reciprocal or } \frac{\Sigma(\text{Reciprocal x}) \text{ f}}{N}$$

निम्न उदाहरण से गणना क्रिया को और स्पष्ट किया जा सकता है ।

उदाहरण-6

निम्न वितरण का हरात्मक माध्य ज्ञात करें :

X	:	2	3	4	5	6
f	:	4	9	16	10	24

हल :

X	Reciprocal (X)	f	(Recp. X) f
2	$\frac{1}{2}$	4	$\frac{1}{2} \times = 2$
3	$\frac{1}{3}$	9	$\frac{1}{4} \times 9 = 3$
4	$\frac{1}{4}$	16	$\frac{1}{4} \times 16 = 4$
5	$\frac{1}{5}$	10	$\frac{1}{5} \times 10 = 2$
6	$\frac{1}{6}$	24	$\frac{1}{6} \times 24 = 4$
		N = 63	Σ Recp. f = 15

$$Hm = \frac{N}{\Sigma \text{ Recip.f}}$$

$$= \frac{63}{15} = 4.2$$

$\therefore$ Hm = 4.2 Ans.

उपर्युक्त प्रश्न को व्युत्क्रम तालिका के उपयोग से निम्न प्रकार बनाया जा सकता है :

X	Reciprocal (X)	f	(Recp. X)f
2	0.500	4	2.0000
3	0.3333	9	2.9997
4	0.2500	16	4.0000
5	0.2000	10	2.0000
6	0.1667	24	4.0008
		63	15.0005

$$Hm = \text{Recp. of } \frac{\Sigma(\text{Recp. X})f}{N}$$

$$= \text{Recp. of } \frac{15.005}{63}$$

$$= \text{Recp. of } 0.2381031$$

$$= 4.202 \text{ or } 4.2 \text{ Ans.}$$

(3) सतत श्रेणी (Continuous Series)–सतत श्रेणी में हरात्मक माध्य निकालने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया सम्पन्न की जाती है :

(i) सभी वर्गान्तरों का मध्य-मूल्य ज्ञात कर लिया जाता है ।

(ii) मध्य मूल्यों का व्युत्क्रम निकाल लिया जाता है ।

(iii) व्युत्क्रमों को तत्संबंधी आवृत्ति से गुणा करके गुणनफलों का योग $(\Sigma(\text{Recp. X})f)$ ज्ञात कर लिया जाता है ।

(iv) अंत में निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग करके हरात्मक माध्य ज्ञात कर लिया जाता है ।

$$Hm = \text{Reciprocal of } \frac{(\text{Reciprocal X})f}{N}$$

उदाहरण - 7

Calculate harmonic mean from the following :

Class :	0 – 8	8 – 16	16 – 24	24 – 32	32 – 40	40 – 48
Frequency :	12	16	13	10	8	11

हल :

Class	M. V	f.	Reciprocal (M.V)	Recp. Xf.
0 – 8	4	12	0.2500	3.0000
8 – 16	12	16	0.0833	1.3328
16 – 24	20	13	0.0500	0.6500
24 – 32	28	10	0-.0357	0.3570
32 – 40	36	8	0.0278	0.2224
40 – 48	44	11	0.0227	0.2497
		70		5.8119

$$Hm = \text{Recp. of } \frac{\Sigma(\text{Recp. X})f}{N}$$

$$= \text{Recp. of } \frac{5.8119}{70}$$

$$= \text{Recp. of } 0.0830271$$

$$= 12.05 \text{ Ans.}$$

भारित हरात्मक माध्य
(Weighted Harmonic Mean)

भारित हरात्मक माध्य को W. Hm. द्वारा व्यक्त किया जाता है । इसे ज्ञात करने के लिए मूल्यों के व्युत्क्रमों को तत्संबंधी भार से गुणा करके गुणनफलों का योग । (Σ Reciprocal. W) ज्ञात करते हैं तथा इसमें भारों के योग (Σ W) से भाग देकर प्राप्त भागफल का व्युत्क्रम निकाल लेते हैं । यही हरात्मक माध्य होता है । भारित माध्य की गणना के लिए निम्न सूत्र उपयोग में लाया जाता है ।

$$\text{W. H.m.} = \text{Reciprocal of } \frac{\Sigma(\text{Recp. X})W}{\Sigma W}$$

उदाहरण–8

निम्न सूचना के आधार पर हरात्मक माध्य ज्ञात करें :

Indices :	100	110	105	120	95	80	130
Weights :	5	6	8	9	2	4	6

हल :

Indices	Weights	Repiprocals	Reciprocal × W
100	5	010000	0.05000
110	6	.009091	.054546
105	8	.009524	0.076192
120	9	.008333	0.074997
95	2	.010530	0.021060
80	4	.012500	0.050000
130	6	.007692	0.046152
	40		**0.372947**

$$\text{W. H.m.} = \text{Reciprocal or } \frac{\Sigma(\text{Recip. X})W}{\Sigma W}$$

$$= \text{Reciprocal of } \frac{0.372947}{4}$$

$$= \text{Reciprocal or } 0.0093236$$

$$= 107.3$$

$\therefore$ W. Hm. = 107.3 Ans.

उदाहरण-9

A man travels 60 Kms with train which runs at the speed of 40 kms. per hour, 60 kms. with motor car which runs at the speed of 30 Kms. with cycle at the speed of 8 Km. per hour and 10 Kms. on foot at the speed of 5 Km. per hour. Calculate the average speed per hour of the whole journey.

हल :

यहाँ विभिन्न गति से अलग-अलग दूरियाँ तय की जाती हैं । अत: तय की गयी दूरी संबंधित गति से लिए भार का काम करेगी और यहाँ भारित हरात्मक माध्य उपयुक्त होगा ।

Speed in Kms.	Distance convered	Reciprocal	(Recip. X) W
40	60	0.0250	1,5000
30	60	0.0333	1.9980
8	20	0.1250	2.5000
5	10	0.2000	2.0000
	150		7.9980

$$\text{W. Hm.} = \text{Reciprocal of } \frac{\Sigma(\text{Recip.X})W}{\Sigma W}$$

$$= \text{Reciprocal of } \frac{7.9980}{150}$$

$$= \text{Reciprocal or } 0.05332$$

$$= 18.75 \text{ KM. per hour Ans.}$$

हरात्मक माध्य के गुण
(Merits of Harmonic Mean)

हरात्मक माध्य के गुण निम्नलिखित हैं ।

(1) हरात्मक माध्य के दोष निम्नलिखित हैं :

(2) इसकी गणना के लिए श्रेणी के सभी पदों की जानकारी आवश्यक है ।

(3) इसका उपयोग बहुत सीमित है ।

(4) गति (Motion) रफ्तार (Speed), चलन वेग (Velocity) आदि का माध्य निकालनं के लिए सबसे उपयुक्त होता है । यही कारण है कि भौतिक विज्ञान में हरात्मक माध्य का अधिक उपयोग होता है । इसके द्वारा समय व दूरी, समय व कार्य, आदि दरों का औसत निकाला जाता है ।

हरात्मक माध्य के दोष
(Demerits of Harmonic Mean)

हमात्मक माध्य के दोष निम्नलिखित हैं :

(1) इसकी गणना कठिन है ।

(2) इसकी गणना के लिए श्रेणी के सभी पदों की जानकारी आवश्यक है ।

(3) इसका उपयोग बहुत सीमित है ।

माध्यों का पारस्परिक सम्बन्ध

(Empirical Relationaship between Average)

अबतक हमलोग कुल पाँच प्रकार के औसतों, यथा बहुलक, मध्यका, समान्तर माध्य एवं हरात्मक माध्य की विस्तृत चर्चा कर चुके हैं । विभिन्न औसतों की अलग-अलग समंकमालाओं को उनकी बनावट के अनुसार उनके बीच सम्बन्ध निर्धारित किये जा सकते हैं । समंकमालाओं को उनकी बनावट के आधार पर पूर्ण सममितीय (Perfectly Symmetrical), औसत असममितीय (Moderately Asymmetrical) तथा अत्यधिक असममितीय (High asymmetrical), तीन भागों में बाँटा जा सकता है ।

(1) पूर्ण सममितीय समंकमाला (Perfectly Symmetrical Distribution)–इस प्रकार की समंकमाला में आवृत्तियों के उतारचढ़ाव में एकरूपता पायी जाती है । प्रारम्भ में आवृत्तियाँ जिस क्रम से बढ़ती हैं, एक निश्चित बिन्दु पर अधिकतम होकर उसी क्रम में घटने लगती हैं । इस अधिकतम बिन्दु के दोनों तरफ आवृत्तियों की संख्या समान रहती है। अगर ऐसे वितरण को आवृत्ति वक्र बनाकर दिखाया जाय तो हमें एक घटाकर आकृति प्राप्त होती है । इसे बीच से मोड़ देने पर दोनों खण्ड एक-दूसरे को पूर्णतः ढँक लेते हैं । निम्न उदाहरण से पूर्ण सममितीय आवृत्ति वितरण एवं वक्र की स्थिति स्पष्ट हो जायेगी :

उदाहरण-10

Class :	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50	50 – 60
Frequency :	5	10	15	10	5



उपर्युक्त वितरण पूर्ण सममितीय आवृत्ति बंटन को दर्शाता है । इससे बनाये गये वक्र की आकृति निम्न प्रकार होगी :

(2) औसत असममितीय समंकमाला (Moderate Asymmetrical Distribution)–ऐसी समंकमालाओं में आवृत्तियों के बढ़ने-घटने का क्रम तो निश्चित होता है किन्तु बढ़ने-घटने का अनुपात समान नहीं होता है । इनसे तैयार की गयी वक्रों का आकार घटाकर नहीं होता है । ऐसे वक्रों का झुकाव दायीं और बायीं ओर होता है । इन्हें निम्न उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है :

उदाहरण-11

Class :	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50	50 – 60	60 – 70
f :	5	12	18	25	10	4

उदाहरण-12

Class :	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50	50 – 60	60 – 70	70 – 80
f :	4	10	12	30	20	10	5

उपर्युक्त औसत असमितीय समंकमालाओं से सम्बन्धित वक्र क्रमशः निम्न आकृति में होंगे-



(i) $\overline{X} < M < Z$

(ii) $(Q_3 - M) < (M - Q_1)$

(B)

उदाहरण - 11

(i) $\overline{X} < M < Z$

(ii) $(Q_3 - M) < (M - Q_1)$

(B)

उदाहरण - 12

(3) अत्यधिक असममितीय समंकमाला (Highly Asymmetrical Distribution)–इस प्रकार की समंकमाला में आवृत्तियों के बढ़ने-घटने का न तो कोई निश्चित क्रम होता है और न कोई निश्चित अनुपात । निम्न उदाहरण से इनकी प्रकृति स्पष्ट की जा सकती है-

उदाहरण :

Class :	0 – 10	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50	50 – 60	60 – 70	70 – 80
f:	960	723	612	395	207	183	94	32



(Relationship between Mean, Median and Mode)
समान्तर माध्य, मध्यका तथा बहुलक में सम्बन्ध

1. एक पूर्ण सममितीय समंकमाला में समान्तर माध्य $(\overline{X})$, मध्यका (M) तथा बहुलक (Z) का मूल्य समान होता है अर्थात् x= M = Z

2. एक औसत असममितीय समंकमाला में समान्तर माध्य और बहुलक का अन्तर, सामान्यतः समान्तर माध्य और मध्यका के अन्तर का तीन गुना होता है । इसे निम्न सूत्र द्वारा दर्शाया जा सकता है :

$$\overline{X} - Z = 3(\overline{X} - M)$$

or

$$Z = 3M - 2\overline{X}$$

उपर्युक्त सूत्र की सहायता से अगर दो माध्यों का मूल्य ज्ञात हो तो तीसरे माध्य का मूल्य ज्ञात किया जा सकता है ।

समान्तर माध्य, गुणोत्तर माध्य में सम्बन्ध

(Relationship between Arithmetic Mean, Geometric Mean and Harmonic Mean)

(1) एक समंकमाला में यदि सभी मूल्य समान हों तो उसका गुणोत्तर माध्य, हरात्मक माध्य तथा समान्तर माध्य तीनों का मूल्य भी समान होता है । इसे निम्न उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है :

उदाहरण :

निम्न वितरण का समान्तर माध्य, गुणोत्तर, माध्य तथा हरात्मक माध्य ज्ञात करें-

x : 2, 2, 2, 2, 2

हल :

X	log (X)	Reciprocal (X)
2	0.3010	0.5000
2	0.3010	0.5000
2	0.3010	0.5000
2	1.5050	2.5000

Arithmetic Mean :–

$$\overline{X} - \frac{\Sigma x}{N} = \frac{10}{5} = 2$$

Geometric Mean :–

$$Gm = \text{Antilog of } \frac{\Sigma \log x}{N} = \text{Antilog of } \frac{1.5050}{5}$$

$$= \text{Antilog of } 0.301$$

$$= 2.000$$

Harmonic Mean :-

$$Hm = \frac{N}{\Sigma \text{Reciprocals}} = \frac{5}{2.500} - 2$$

$$\therefore \overline{X} = Gm = Hm$$

2. किसी समंकमाला (सममित अथवा असममित) जिसके सभी पदमूल्य समान नहीं होते, में समान्तर माध्य सबसे बड़ा होता है, गुणोत्तर माध्य उसके कम तथा हरात्मक माध्य सबसे कम होता हैं, अर्थात् $\overline{X} > Gm > Hm.$ इसे निम्न उदाहरण द्वारा भी स्पष्ट किया जा सकता है-

उदाहरण :

निम्न वितरण का समान्तर माध्य, गुणोत्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य ज्ञात करें-

X :	2	4	6	8	10
f :	5	10	15	10	5

X	f.	x.f	log x	log x.f.	Reciprocal x	Recip. x.
2	5	10	0.3010	1.5050	0.5000	2.5000
4	10	40	0.6021	6.0210	0.2500	2.5000
6	15	90	0.7782	11.6730	0.1667	2.5005
8	10	80	0.9031	9.0310	.1250	1.2500
10	5	50	1.0000	5.0000	0.1000	0.5000
	45	270		33.2300		9.2505

Arithmetic Mean :–

$$\overline{X} = \frac{\Sigma x.s}{N} = \frac{270}{45} = 6$$

Geometric Mean :–

$$Gm = \text{Antilog of } \frac{\Sigma \log.f.}{N} = \text{Antilog of } \frac{33.2300}{45}$$

= Antilog of 0.738444 = 5.48

Harmonic Mean :–

$$Hm = \frac{N}{\Sigma \text{ Reciprocal x.f.}} = \frac{45}{9.2505} = 4.86$$

$6 > 5.48 > 4.86$ अर्थात् $\overline{X} > Gm > Hm$

(3) दो संख्याओं वाली समंकमाला में समान्तर माध्य, गुणोत्तर माध्य तथा हरात्मक माध्य में निम्नलिखित सम्बन्ध पाया जाता है

$$Gm. = \sqrt{\overline{X}.\ Hm.}$$

अथवा $$Gm.^2 = \overline{X}.\ Hm.$$

अथवा $$\overline{X} = \frac{Gm^2}{Hm}$$

अथवा $$Hm = \frac{Gm^2}{\overline{X}}$$

उपर्युक्त सम्बन्ध के आधार पर किसी श्रेणी के किन्हीं दो औसतों का मान ज्ञात रहने पर तीसरे औसत का मान ज्ञात किया जा सकता है । उदाहरण के लिए अगर किसी श्रेणी का समान्तर माध्य 4.67 तथा हरात्मक माध्य 3.43 है तो उसका गुणोत्तर माध्य निम्न प्रकार ज्ञात किया जायेगा–

$$Gm^2 = \overline{X}.\ Hm$$

$$Gm = \sqrt{\overline{X}.Hm} = \sqrt{4.67 \times 3.43} = \sqrt{16.0181}$$

$$= 4.00$$

$$\therefore\ Gm = 4.$$

उपयुक्त माध्य का चुनाव

(Selection of a Suitable Average)

विभिन्न माध्यों को देखने-समझने के पश्चात स्वाभाविक प्रश्न यह उठता है कि इनमें से कौन माध्य सबसे उपयुक्त है ? हमें किस माध्य का उपयोग करना चाहिए ? इन प्रश्नों का कोई एक सर्वप्रथम स्थायी उत्तर नहीं है । उपयुक्त माध्य का चुनाव तो अनुसन्धान के उद्देश्य, आवश्यकता एवं परिस्थितियों पर निर्भर करता है । कोई माध्य किसी अनुसंधान के लिए उपयुक्त हो सकता है तो दूसरे अनुसंधान के लिए अनुपयुक्त । विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न प्रकार के माध्य उपयुक्त होते हैं । किसी अनुसंधान विशेष के लिए कौन सा माध्य सबसे उपयुक्त होगा इसका निर्णय करते समय निम्न बातों को ध्यान में अवश्य रखना चाहिए–

(1) अध्ययन का उद्देश्य (Object of Study)–उपयुक्त माध्य के चुनाव पर अनुसंधान के उद्देश्य का प्रभाव सबसे अधिक पड़ता है । यदि आर्थिक एवं व्यावहारिक तथ्यों का सामान्य अध्ययन करने के लिए अनुसंधान किया जा रहा है तो समान्तर माध्य अधिक उपयोगी होता है । यदि श्रेणी के सभी पदों को समान महत्व देना हो तो समान्तर माध्य तथा यदि श्रेणी के बड़े मूल्यों को कम तथा छोटे मूल्यों को अधिक महत्व देना हो तो गुणोत्तर माध्य का उपयोग उपयुक्त होता है । अनुसंधान की इकाइयों में ज्यामितीय या चक्रवृद्धि दर से परिवर्तन हो रहा हो तो गुणोत्तर माध्य सबसे उपयुक्त होता है । औसत चाल अथवा गति की जानकारी के लिए हरात्मक माध्य सबसे उपयुक्त होता है । वितरण के मध्य इकाई का पता मध्यका द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है । यदि श्रेणी में अधिकतम संकेद्रण बिन्दु का पता लगाना है तो बहुलक ही सबसे उपयोगी माध्य होगा ।

(2) आवृति वितरण का स्वरूप (Nature of Frequency Distribution)–यदि वितरण में पदों की संख्या बहुत कम हो तो मध्यका या बहुलक की अपेक्षा समान्तर माध्य अधिक उपयुक्त होता है । विभिन्न पदमूल्यों के बीच अन्तर बहुत अधिक होने पर समान्तर माध्य की अपेक्षा गुणोत्तर माध्य अधिक उपयुक्त होता है ।

आदर्श प्रश्न

(Model Questions)

1. हरात्मक माध्य का अर्थ स्पष्ट करें तथा इसके गुण-दोषों को लिखें ।

   Explain the meaning of Harmonic Mean and give its merits and demerits.

2. एक चालक अपनी कार प्रथम 50 कि० मी० 80 कि० मी० प्रति घंटा की चाल से, अगले 50 कि० मी० 60 कि० मी० प्रति घंटा की चाल से तथा अन्तिम 50 कि० मी० प्रति घंटा की चाल से चलाता है तौ औसत चाल (प्रति घंटा) ज्ञात कीजिये ।

3. राम की कार एक गैलन पेट्रोल में 40 कि० मी० जाती है तथा मोहन की कार एक गैलन में 60 कि० मी० जाती है ।अगर प्रत्येक 120 कि० मी० की दूरी तय करता है तो औसत रफ्तार प्रति गैलन क्या है ?

4. A किसी काम को 5 दिन में समाप्त कर सकता है, B उसे 10 दिन में व C 16 दिन में समाप्त कर सकता है । यदि तीनों बराबर-बराबर दिन काम करें तो कार्य समाप्त होने का औसत समन क्या होगा ?

5. Compute Harmonic Mean from the given frequency distributuion :

Class :	0 – 10	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50
Frequency :	8	10	6	5	3

6. (a) If $\overline{X}$ = M = 5 and Z = 50, Find out $\overline{X}$ and M.

   (b) The mean of 40 items is 17. If the mean of 10 items among them is 20 find out the mean of the rest.
7. In a moderately asymmetrical series meaqn is 15.6 and median is 15.73 find the probable value of mode.
8. The arithmetic and Geometric averages of the two characters are 15 and 12 respectively.Find the two charcters and the harmonic mean.
9. You take a trip which entails travelling 90 Kms. by traint at an average speed of 60 Kms. per hour; 3000 Kms. by boat at an average speed of 25 Kms. per hour; 400 Kms. by plane at 350 Kms. per hour and finally 15 Kms. by a taxi at 20 Kms. per hour. What is the average speed for the entire distance ?
10. Calculate Harmonic mean of the following :

    X : 20 125.6 1680.82 0.7254 0.073
11. A taxi driver from a plain **town to a hill town station,** covers 60 K.M. distance at a 10 K. M. per gallon of petrol and on the return trup at 15 K.M. per gallon. Find the harmonic rate of K.M. per gallon.
12. A man travels from Patna to Delhi at an average speed for 50 K. M. per hour and returns along the same route at an average speed of 75 K.M. per hour. Find the average speed for the entire trip.
13. Calculate the Harmonic Mean :

    15.78 15.8 1.58 0.016 0.0075 0.009.

●

पाठ-18

अपकिरण-1

(Dispersion–1)

प्रिय छात्रो,

गत पाठ में हमलोग ने 'केन्द्रीय प्रवृत्ति के विभिन्न मापों' का अध्ययन किया है । केन्द्रीय प्रकृति के माप हमें समंकमाला के विभिन्न मूल्यों के बदले एक प्रतिनिधि मूल्य उपलब्ध कराते हैं जिसे देखकर श्रेणी के सभी पदमानों का अनुमान लगाया जा सकता है। किन्तु अनेक बार ऐसा देखा गया है कि श्रेणी के विभिन्न मानों के अन्तर होने के कारण केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप अपनी श्रेणी के अधिकतम मानों का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाता । श्रेणी की बनावट आदि के सम्बन्ध में जानकारी देने में वह असफल हो जाता है । निम्न उदाहरण द्वारा इसे स्पष्ट किया जा सकता है-

X	Y	Z
10	6	20
10	8	12
10	10	8
10	12	6
10	14	4
50	50	50

उपर्युक्त उदाहरण में X, Y तथा Z तीनों समंक मालाओं का औसत समान है अर्थात् $\overline{X} = \overline{Y} = \overline{Z} = 10$ है । किन्तु औसत अर्थात् प्रतिनिधि मूल्य समान होने के बाद भी इन तीनों श्रेणियों के सम्बन्ध में समान निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता । सभी पदों का शतप्रतिशत प्रतिनिधित्व उनका औसत कर रहा है । इस औसत (10) को देखकर श्रेणी के पद-मानों के सबंध में लगाया गया अनुमान श्रेणी X के लिए शतप्रतिशत ठीक है किन्तु अन्य दोनों श्रेणियों के विषय में इस माध्य से कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है । यद्यपि तीनों ही श्रेणियों के माध्य समान हैं किन्तु श्रेणी X के मूल्यों में स्थिरता है, श्रेणी Y के मूल्यों में क्रमश: वृद्धि हो रही है और श्रेणी Z के मूल्यों में क्रमश: कमी हो रही है । अत: स्पष्ट है कि माध्य श्रेणी की बनावट भिन्न-भिन्न हो सकती है । अत: केवल माध्य को देखकर श्रेणी के संबंध में निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है । किसी तथ्य व श्रेणी के संबन्ध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए उसके माध्य की जानकारी तो आवश्यक है ही कुछ अन्य मापों की जानकारी भी आवश्यक होती है ताकि श्रेणी की बनावट का ज्ञान हो सके । ऐसे ही मापों में एक अपकिरण भी है ।

अपकिरण का अर्थ (Meaning of Dispresion)–अपकिरण का प्रयोग दो अर्थों में किया जाता है । प्रथम अर्थ में अपकिरण से मतलब किसी समंकश्रेणी में स्थित समंकों के बिखराव व विस्तार से है । अन्य शब्दों में हम कह सकते हैं कि अपकिरण उस सीमा को व्यक्त करता है जिसके अन्तर्गत किसी श्रेणी के पद बिखरे होते हैं । सरल शब्दों में, श्रेणी के उच्चतम एवं निम्नतम मूल्यों का अन्तर ही अपकिरण होता है । द्वितीय अर्थ में अपकिरण से तात्पर्य समंकश्रेणी के किसी माध्य से लिए गये विभिन्न पदों के विचलनों के समान्तर माध्य से है । (Dispresion is the arithmetic mean of the deviations from an average of the series.) इसे औसत विचलन (Average deviation) भी कहा जाता है । सरल शब्दों में कहा जा सकता है कि अपकिरण वह माप है जो हमें यह बताता है कि समंकश्रेणी की केन्द्रीय प्रवृत्ति के किसी निश्चित माप से उसके विभिन्न पदमानों की औसत दूरी (अन्तर) क्या है ।

अपकिरण की परिभाषा :

डा० ए० एल० बाउले के अनुसार, "अपकिरण पदों के विचलन का माप है" । (Dispresion is the measure of the variation of the items.)

प्रो० स्पाइगल ने लिखा है कि "The degree to which numerical data tend to spread about an average value is called the variation or dispresion of the data." अर्थात् वह सीमा जहाँ तक श्रेणी के विभिन्न समंक एक माध्य-मूल्य के दोनों ओर फैलने की प्रवृत्ति रखते हैं उसे समंकों का विचरण या अपकिरण कहते हैं ।

अपकिरण के उद्देश्य (Objects of Dispresion)

(1) समंकमाला की बनावट का ज्ञान-अपकिरण का प्रथम उद्देश्य समंकमाला की बनावट को स्पष्ट करना है । इससे यह पता चल जाता है कि आवृत्ति वितरण सममित है अथवा असममित ।

(2) माध्य की प्रतिनिधित्व क्षमता का ज्ञान-इससे इस बात का पता चलता है कि माध्य (औसत) अपनी समंकमाला के विभिन्न पदों का प्रतिनिधित्व कर रहा है अथवा नहीं । अगर प्रतिनिधित्व कर रहा है तो उसकी मात्रा क्या है ?

(3) माध्य से पदों की औसत दूरी का ज्ञान-अपकिरण यह बताता है कि समंकमाला के विभिन्न पद उसके किसी केन्द्रीय माप से औसत कितनी दूरी पर है । उसके दोनों तरफ कहाँ तक फैले हैं ।

(4) तुलनात्मक अध्ययन-अपकिरण के प्रयोग से हमें यह पता चलता है कि विभिन्न समंकमालाओं में असामानता कितनी है तथा किसमें असमानता अधिक है तथा किसमें असमानता कम है ।

उपर्युक्त बातों से स्पष्ट है कि माध्य श्रेणी के संबन्ध में अधूरी जानकारी देता है । उसकी कमी को अपकिरण पूरा करता है । इसके अभाव में केवल माध्य के आधार पर समंकमाला के संबंध में कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होता । अपकिरण के महत्व की चर्चा

करते हुए डेरेल हफ ने लिखा है, "जब वे महत्वपूर्ण संख्याएँ (अपकिरण के माप से संबन्धित) उपलब्ध न हों तब माध्य में विश्वास न करो अन्यथा तुम एक ऐसे मनुष्य की भाँति अन्धे होगे जो केवल माध्य तापमान की सूचना पर तम्बू लगाने का स्थान चुन लेता है, तुम जम सकते हो या सूख सकते हो । यदि तुम (तापक्रम के) विस्तार की अवहेलना करते हो ।"

अपकिरण मापने की विधियाँ

(Method of Measuring Dispresion)

अपकिरण के विभिन्न अर्थों के आधार पर उसे मापने की निम्नलिखित विधियाँ प्रयोग में लायी जाती हैं-

(1) सीमा विधि (Method of Limits)

- (A) विस्तार (Range)
- (B) अन्तर चतुर्थक विस्तार (Inter Quartile Range)
- (C) दशमक विस्तार तथा शतमक विस्तार (Decile Range and Percentile Range)

(2) विचलन मध्यक विधि (Method of Averaging Deviations)

- (a) चतुर्थक विचलन (Quartile Deviation)
  अर्द्ध अन्तर चतुर्थक विस्तार (Semi Inter-quartile Range)
- (b) औसत विचलन (Average Deviation)
- (c) प्रमाण-विचलन (Standard Deviation)

(3) बिन्दु-रेखीय विधि (Graphical Method)

लॉरिज वक्र (Lorenze Curve)

निरपेक्ष एवं सापेक्ष अपकिरण (Absolute and Relative Dispersion)–अपकिरण का माप निरपेक्ष तथा सापेक्ष दोनों रूपों में किया जा सकता है । यह समंकमाला के आकार की जानकारी देना है तथा इसे पदमाला की इकाई में ही व्यक्त किया जाता है ।

दो या दो से अधिक समंकमालाओं के बीच विचलन की दृष्टि से तुलना करने के लिए अपकिरण का निरपेक्ष माप उपयुक्त नहीं होता । इसके लिए सापेक्ष माप की आवश्यकता होती है । सापेक्ष माप समंकमाला की इकाई में व्यक्त नहीं किये जाते हैं । इन्हें अनुपात या प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है । इन्हें ज्ञात करने के लिए अपकिरण के निरपेक्ष माप में उस औसत का भाग दे देते हैं जिसकी सहायता से श्रेणी के प्रत्येक मूल्य का विचलन निकाला गया होता है । इसे अपकिरण गुणांक (Coefficient of Disspersion) कहा जाता है ।

विस्तार (Range)

विस्तार से तात्पर्य किसी समंकमाला के सबसे बड़े तथा सबसे छोटे मूल्य के बीच के अन्तर से है । यह अपकिरण मापने की सबसे सरल विधि है । किसी श्रेणी का विस्तार जैसे-जैसे बड़ा होता जाता है वैसे-वैसे उसमें असमानता है बढ़ती जाती है । विस्तार को मापने के लिए निम्न सूत्र का उपयोग किया जाता है–

$$R = L - S$$

यहाँ – R = Range, L = Largest Value तथा S = Smallest Value.

खण्डित तथा सतत समंक श्रेणियों में विस्तार ज्ञात करने के लिए उनकी आवृतियों पर ध्यान नहीं दिया जाता है । केवल चरों के न्यूनतम एवं अधिकतम मूल्यों के आधार पर विस्तार ज्ञात कर लिया जाता है ।

विस्तार का गुणांक (Coefficient of Range)–यह विस्तार सापेक्षिक माप होता है । इसे ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित सूत्र का उपयोग किया जाता है-

$$\text{Coefficient or Range (C,R)} = \frac{L - S}{L + S}$$

निम्न उदाहरण के द्वारा तथा विस्तार गुणांक की गणना विधि को स्पष्ट किया जा सकता है-

उदाहरण-1

Find out the range and its coefficient from the following data :

140	370	80	73	185	30	90	80	203	150

हल :

Range (R) $= L - S$

$= 370 - 30$

$= 340$

Coefficient of Range (C.R.) $= \dfrac{L - S}{L + S}$

$$= \frac{370 - 30}{370 + 30} = \frac{340}{400}$$

$= 0.85$

उदाहरण-2

निम्न समंकों से विस्तार तथा विस्तार गुणांक का मान ज्ञात कीजिये-

X :	5	10	15	20	25	30
f:	2	3	5	10	4	2

हल :

Range (R) $= L - S$

$=30 - 5$

$= 25.$

Coefficient of Range (C.R)= $\dfrac{L - S}{L + S}$

$$= \frac{30 - 5}{30 - 5} = \frac{25}{35} = 0.71$$

उदाहरण-3

Calculate the range and its Coefficient from the following frequency distribution.

Class :	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50	50 – 60
f :	5	10	20	10	5

हल :

यहाँ - Largest Value = 60

Smallest Value = 10

अत: Range $= L - S$

$= 60 - 10$

$= 50.$

Coefficent of Range $= \dfrac{L-S}{L+S}$

$$= \frac{60-10}{60+10} = \frac{50}{70} = 0.71$$

विस्तार के गुण (Mereits of Range)

(1) यह समझने तथा गणना करने में अत्यन्त सरल है ।

(2) इसका उपयोग वस्तुओं के गुण नियंत्रण में किया जाता है । उत्पादित वस्तुएँ अगर एक निश्चित विस्तार के अन्तर्गत रहती हैं तब उन्हें स्वीकार किया जाता है अन्यथा उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाता है ।

(3) ब्याज, दरों, विनिमय दरों, अंशों के मूल्यों तथा तापमान में परिवर्तनों आदि को मापने के लिए विस्तार का ही उपयोग किया जाता है ।

विस्तार के दोष (Demerits of Range)

(1) यह अनिश्चित माप है । यह श्रेणी के दो चरम मूल्यों पर आधारित होता है । इनमें परिवर्तन से यह परिवर्तित हो जाता है ।

(2) यह चरम मूल्यों को छोड़ श्रेणी के अन्य मूल्यों पर ध्यान नहीं देता है ।

(3) इससे श्रेणी की रचना का ठीक अन्दाज नहीं मिलता । विस्तार समान रहते हुए भी श्रेणियों की बनावट में भिन्नता हो सकती है ।

(4) आवृत्ति वितरणों में इसका उपयोग संतोषजनक नहीं होता ।

अन्तर चतुर्थक विस्तार
(Inter Quartile Range)

विस्तार मापने की यह विधि भी विस्तार के ही समान है । इसे ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम तृतीय चतुर्थक और प्रथम चतुर्थक का मान ज्ञात किया जाता है । तत्पश्चात निम्न सूत्र का प्रयोग कर अन्तर चतुर्थक विस्तार ज्ञात कर लिया जाता है-

Inter Quartle Range (I.Q.R.)=$Q_3 - Q_1$

यहाँ 1. R.= अन्तर चतुर्थक विस्तार

Q_3 = तृतीय चतुर्थक

Q_1= प्रथम चतुर्थक

Coefficient of Inter Quartile Range = $\dfrac{Q_3 - Q_1}{Q_3 + Q_1}$

निम्न उदाहरणों के द्वारा अन्तर चतुर्थक विस्तार तथा अन्तर चतुर्थक विस्तार गुणांक की गणना विधि को स्पष्ट किया जा सकता है ।

उदाहरण-4

निम्न समंकों से अन्तर चतुर्थक विस्तार तथा उनका गुणांक ज्ञात करें ।

X : 66 58 45 48 80 72 55 78 76 79

हल :

X

45

48

55

यहाँ N = 11

$$Q_1 = \text{Value of Value If } \frac{N+1}{4} \text{th unit.}$$

58	$= \text{Value of } \frac{11+1}{4} \text{th unit}$
65	$= \text{Value of 3rd unit}$
66	$= 55$
72	$Q_3 = \text{Value of } \frac{3(N+1)}{4} \text{th unit}$
76	$= \text{Value of } \frac{3 \times 12}{4} \text{th unit}$
78	$= \text{Value of 9th unit}$
79	$= 78.$
80	

Inter Quartile range (I.Q.R.) $= Q_3 - Q_1$

$= 78 - 55 = 23$

$$\text{Eoefficient of I.Q.R.} = \frac{Q_3 - Q_1}{Q_3 + Q_1}$$

$$= \frac{78-55}{78+55} = \frac{23}{133} = 0.173.$$

उदाहरण-5

Find the inter Quartile range and its coefficient from the following :

X :	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
f :	2	3	3	9	12	10	6	2	2	1

हल :

X.	f.	C.f.
1	2	2
2	3	5
3	3	8
4	9	17
5	12	29
6	10	39
7	6	45
8	2	47
9	2	49
10	1	50

$$Q_1 = \text{Value of } \frac{N+1}{4} \text{th unit.}$$

$$= \text{Value of } \frac{50+1}{4} \text{th unit.}$$

$$= \text{Value of 12.75 th unit.}$$

12.75 वीं इकाई संचयी आवृत्ति 17 में शामिल है । अतः इसके सामने का पदमान अर्थात् 4 प्रथम चतुर्थक का मान है ।

$\therefore Q = 4$

$$Q_3 = \text{Value of } \frac{3(N+1)}{4} \text{th unit.}$$

$$= \text{Value of } \frac{3 \times 51}{4} \text{th unit.}$$

$$= \text{Value of } 38.25 \text{ th unit.}$$

जो संचयी आवृत्ति 39 में शामिल है । अतः इसके सामने का पदमान अर्थात् 6 तृतीय चतुर्थक मान है ।

$\therefore$ $Q_3 = 6$.

Inter Quartle Range $= Q_3 - Q_1$

$= 6 - 4$

$= 2.$

$$\text{Co-efficient or I.Q.R.} = \frac{Q_3 - Q_1}{Q_3 - Q_1}$$

$$= \frac{6-4}{6+4} = \frac{2}{10} = 0.2.$$

उदाहरण-6

Find 1. Q.R. and its co-efficient from the following data :

Class :	0 – 10	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50
f :	5	10	20	10	5

हल :

Class	f.	c.f.
0 – 10	5	5
10 – 20	10	15
20 – 30	20	35
30 – 40	10	45
40 – 50	5	50

(i) $$\text{Size of } Q_3 = \frac{3(N)}{4} \text{th unit.}$$

$$= \frac{3 \times 50}{4} \text{th unit.}$$

$$= 37.5 \text{ th unit.}$$

जो c.f. 45 में शामिल है अतः इससे संबंधित 30-40 ही Q_3 का वर्ग है ।

अब $$Q_3 = l_1 + \frac{l_2 - l_1}{f}(q_3 - C)$$

यहाँ : $l_1 = 30$, $l_2 = 40$, $f = 10$, $q_3 = 37.5$ तथा $C = 35$.

उपर्युक्त सूत्र में मान रखने पर

$$Q_3 = 30 + \frac{40-30}{10}(37.5-35)$$
$$= 30 + \frac{10}{10} \times 2.5$$
$$= 30 + 2.5 = 32.5$$

(ii) Size of $q_1 = \frac{N}{4}$th unit.

$= \frac{50}{4}$th unit = 12.5 th unit जो C.f.15 में शामिल है । अत: इससे संबंधित वर्ग 10 - 20 ही q_1 का वर्ग है ।

अब : $Q_1 = 1_1 + \frac{1_2 - 1_1}{f}(q_1 - C)$

यहाँ 1_1-1_0, 1_3=20, f=10,q_1=12.5 तथा C=5.
उपर्युक्त सूत्र में मान रखने पर

$$Q_1 = 10 + \frac{20-10}{10}(12.5-5)$$
$$= 10 + \frac{10}{10} \times 7.5$$
$$= 10 + 7.5$$
$$= 17.5$$
$$\therefore Q_1 = 17.5$$

Inter Quartile Range = Q_3–Q_1
= 32.5 – 17.5
=15

Co-efficient of I.Q.R. $= \frac{Q_3 + Q_1}{Q_3 + Q_1}$

$$= \frac{32.5 - 17.5}{32.5 + 17.5} = \frac{15}{50.0} = 0.3$$

अत: I.Q.R. =15
Co-eff. of I.Q.R. =0.3

अन्तर चतुर्थक के गुण (Merits of inter Quartile Range) :

(1) विस्तार की तुलना में यह अच्छा माप होता है ।

(2) यह अति सीमान्त पदों पर आधारित नहीं होता, बल्कि मध्य के 50% मूल्यों के अध्ययन के लिए उपयुक्त होता है और निम्न तथा उच्चतम चतुर्थक पर आधारित होता है ।

(3) सीमान्त पदों की अनिश्चितता का प्रभाव इस पर बहुत कम पड़ता है । यह गणना की दृष्टि से सरल माप है ।

अन्तर चतुर्थक के दोष (Demerits of Inter Quartile Range):–

(1) यह माप भी विस्तार की ही तरह श्रेणी के सभी पदों पर आधारित नहीं होता ।

(2) इससे श्रेणी की संरचना का ज्ञान नहीं होता ।

दशमक एवं शतमक विस्तार

(Decile Range and Percentile Range)

